## मरीज़ों के लिए जानकारी

कैलीफोर्निया पीड़ितों के अधिकारों का विधेयक अधिनियम (Victims' Bill of Rights Act) - Marsy का कानून - आपको ये महत्वपूर्ण कानूनी अधिकार देता है:

### अपने नुकसान के लिए पैसे प्राप्त करने

अपनी संपत्ति के नुकसान, चिकित्सा खर्च, मजदूरी के नुकसान, और अन्य नुकसानों की भरपाई करने के लिए पैसे के लिए आवेदन करें।

### बताएं कि अपराध ने आपको कैसे प्रभावित किया

प्रतिवादी को सजा सुनाए जाने से पहले अदालत को बताएं कि अपराध ने आपके जीवन को कैसे प्रभावित किया।

### आपराधिक मामले के बारे में जानकारी प्राप्त करें

अभियोजक से मामले के बारे में कोई विशेष जानकारी मांगें।

### अदालत से आदेश प्राप्त करें

अदालत ऐसे आदेश दे सकती है जो आपकी मदद कर सकते हैं, जैसे प्रतिवादी को आपसे दूर रखने के लिए **रक्षात्मक आदेश** या यदि आपने अपने मामले में मदद के लिए कोई वकील रखा था तो **अटार्नी की फीसों का भुगतान करने के लिए आदेश।**

अदालत आपके नागरिक अधिकारों का उल्लंघन करने के लिए प्रतिवादी को $25,000 या उससे अधिक का भुगतान करने का आदेश भी दे सकती है। (राल्फ अधिनियम और बेन अधिनियम के तहत अपने अधिकारों के बारे में किसी वकील से बात करें।)

## मदद कहाँ से मिल सकती है

- कैलीफोर्निया अटॉर्नी जनरल की
  पीड़ित सेवा इकाई (Victims' Services Unit)
  (877) 433-9069
  TTY: (800) 735-2929
  www.oag.ca.gov/victimservices
- कैलिफोर्निया निष्पक्ष रोज़गार और आवास विभाग
  (Department of Fair Employment and Housing)
  (800) 884-1684
  TTY: (800) 700-2320
  www.dfeh.ca.gov
- कैलिफोर्निया पीड़ित मुआवज़ा बोर्ड
  (Victim Compensation Board)
  (800) 777-9229
  www.vcgcb.ca.gov
  - अपना स्थानीय जिला अटॉर्नी कार्यालय,
    पीडित/गवाह सहायता केंद्र खोजें
    www.vcgcb.ca.gov/victims/localhelp.aspx
- अमेरिकी न्याय विभाग, सामुदायिक संबंध सेवाएं
  (U.S. Department of Justice, Community Relations Services)
  (202) 305-2935
  www.justice.gov/crs

अधिक जानकारी, या प्रश्नों या चिंताओं में मदद के लिए, संपर्क करें:

**कैलिफ़ोर्निया अटॉर्नी जनरल का कार्यालय**
**पीड़ित सेवा इकाई (Victims' Services Unit)**
P.O. Box 944255
Sacramento, CA 94244-2550
(877) 433-9069
www.oag.ca.gov/victimservices

Funded by the U.S. Dept. of Justice,
Victims of Crime Act, 2017-VA-GX-0084

B13–9119 – 05/2018 Hindi

# नफरत आधारित अपराध



## खुद को और दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए आपको क्या पता होना चाहिए

कैलिफ़ोर्निया अटॉर्नी जनरल का कार्यालय
पीड़ित सेवा इकाई (Victims' Services Unit)

*कैलिफोर्निया में, यदि निम्नलिखित विशेषताओं के कारण आपको लक्षित किया गया है तो आप नफरत आधारित अपराध का शिकार हुए हो सकते हैं:*

- *नस्ल या जातीय पृष्ठभूमि,*
- *राष्ट्रीयता, धर्म,*
- *लिंग, यौन अभिविन्यास,*
- *शारीरिक या मानसिक विकलांगता, या*
- *इनमें से एक या अधिक "वास्तविक" या "मानी जाती" विशेषताओं वाले व्यक्ति या समूह के साथ आपका संबंध।*

## नफरत आधारित *अपराध* या नफरत आधारित *घटना*?

किसी नफरत आधारित *अपराध* और नफरत आधारित *घटना* के बीच का अंतर जानना महत्वपूर्ण है।

कोई **नफरत आधारित घटना** नफरत से प्रेरित कोई कार्रवाई या व्यवहार होता है लेकिन यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार में पहले संशोधन द्वारा कानूनी रूप से संरक्षित है।

नफरत आधारित घटनाओं के उदाहरणों में शामिल हैं:

- गाली-गलौच,
- अपमान,
- सार्वजनिक स्थानों में नफरत भरी सामग्री का वितरण, और
- अपनी खुद की संपत्ति पर नफरत वाली सामग्री प्रदर्शित करना।

अमेरिका का संविधान नफरत वाले भाषण की अनुमति देता है जब तक कि यह दूसरों के नागरिक अधिकारों में हस्तक्षेप न करे। अगर कोई नफरत आधारित घटना किसी व्यक्ति या संपत्ति को धमकी देती है, तो यह **नफरत आधारित अपराध** बन सकता है।

कोई **नफरत आधारित अपराध** पीड़ित के वास्तविक या माने गए संरक्षित सामाजिक समूह द्वारा प्रेरित, किसी व्यक्ति, समूह या संपत्ति के खिलाफ कोई अपराध होता है। कानून नफरत आधारित अपराधों के कई वर्गों के खिलाफ सुरक्षा देता है।

## यदि आप कोई नफरत आधारित अपराध देखते हैं तो क्या करें

अपराध के बारे में अपने स्थानीय पुलिस या शेरिफ के विभाग को रिपोर्ट करें। यदि नफरत आधारित अपराधों की सूचना नहीं दी जाती है, तो नफरत आधारित अपराध जारी रह सकते हैं।

## किसी नफरत आधारित अपराध का पता कैसे लगाएं

यह संभावित नफरत आधारित अपराध के संकेत हैं:

- अपराधी ने पीड़ित या संपत्ति का चयन इस लिए किया क्योंकि वे किसी संरक्षित समूह से संबंधित थे, जैसे कोई निश्चित धर्म या लिंग।
- अपराधी ने एक पूर्वाग्रह दिखाते हुए लिखित या मौखिक टिप्पणियां की हैं।
- अपराध उस तारीख पर हुआ जो पीड़ित के संरक्षित समूह के लिए महत्वपूर्ण है।
- क्षेत्र में बहुत सी संगठित नफरत आधारित गतिविधि है।

*"जब कोई नफरत से प्रेरित अपराध करता है, तो यह सिर्फ एक निर्दोष व्यक्ति पर हमला नहीं होता है, बल्कि पूरे राज्य पर हमला होता है।"*

*Xavier Becerra*
*कैलीफोर्निया अटॉर्नी जनरल*

## यदि आप किसी नफरत आधारित अपराध से पीड़ित हैं, तो आपको यह करना चाहिए:

- तुरंत स्थानीय पुलिस या शेरिफ से संपर्क करें!
- चिकित्सकीय देखभाल प्राप्त करें (यदि आपको इसकी आवश्यकता है)।
- बिल्कुल सही-सही शब्द लिखें जो कहे गए थे।
- किन्हीं भी अन्य तथ्यों के बारे में नोट्स बनाएं ताकि आप उन्हें न भूलें।
- सभी सबूतों को संभालें (उदाहरण के लिए दीवारों में लिखी बातें, अंडों के खोल, पीड़ित व्यक्ति के वाहन पर लिखना)। यदि सुरक्षित हो, तो कानून प्रवर्तन के आने और फ़ोटो लेने तक प्रतीक्षा करें।
- अन्य पीड़ितों और गवाहों के नाम, पते, फोन नंबर और ईमेल प्राप्त करें।
- आपराधी या वाहन के किसी भी प्रत्यक्षदर्शी से विवरण प्राप्त करने का प्रयास करें।
- अपने क्षेत्र में समुदाय संगठनों को कॉल करें जो नफरत आधारित अपराधों पर प्रतिक्रिया करते हैं।

## आप और आपका समुदाय क्या कर सकता है

- नफरत और असहिष्णुता के खिलाफ आवाज़ उठाएं।
- पीड़ितों का समर्थन करने के लिए समुदायक रैलियों करें।
- पीड़ितों को समर्थन और सहायता प्रदान करें।
- सार्वजनिक अधिकारियों से नफरत आधारित अपराधों के खिलाफ बोलने के लिए कहें।
- एक नफरत आधारित अपराध का नेटवर्क स्थापित करें जिसमें कानून प्रवर्तन, स्थानीय सरकार, स्कूल, धार्मिक संगठन और सामुदायिक संगठन शामिल हों। उन्हें नफरत आधारित अपराध होने पर तुरंत प्रतिक्रिया करने और रोकथाम और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कहें।